Seventeenth Loksabha

p>

Title: Regarding electricity supply and water problem in Jammu and Kashmir.

श्री हसनैन मसूदी (अनन्तनाग) : सर, जो मुतालबा अफस्पा के हवाले से किया गया है तो मैं उसकी ताईद करता हूं, क्योंकि जम्मू कश्मीर सबसे ज्यादा अफस्पा से मुतासिर रहा है । मैं असल सवाल की तरफ आता हूं । सर्दी के मौसम की शुरूआत के साथ ही दो सेक्टर्स हैं, जिनमें मसाइल पैदा हो गई है । इसमें एक बिजली का सैक्टर है और दूसरा पीने के पानी का सैक्टर है । जनाब, बिजली के सैक्टर में अभी जो कटौती का शैड्यूल नोटिफाई हुआ है, उसमें 13 घण्टे की कटौती सब जीरो टेम्परेचर में है । मेरा यह मुतालबा होगा कि इसको रिव्यू किया जाए । जो अनमीटर्ड इलाके हैं, उनमें कंज्यूमर को कोई परेशानी नहीं है, उनकी कोई मुश्किलात ही नहीं है, बल्कि सरकार ने ही मीटर नहीं लगाए हैं तो उसमें भी रीजनेबल कटौती की जाए ।

दूसरा पीने के पानी का सैक्टर है । पहले जब मंत्री जी गए थे तो उस समय वहां के हालात खुशगवार थे । अगर आप इस वक्त जाएंगे तो हर जगह पीने के पानी के मामले हैं ।

पहले से ही 60 फीसदी से कम आबादी को पीने का साफ पानी दिया जा रहा है और इसमें भी इंट्रप्शंस हैं । पहले उसकी तरफ ध्यान दिया जाए ।... (व्यवधान)